भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1338

उत्तर देने की तारीख: 25.11.2019

जवाहर नवोदय विद्यालय

†1338. श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डीः

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः

श्री श्रीधर कोटागिरिः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में विभिन्न राज्यों में 5 नए जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) तथा एक राष्ट्रीय नवोदय नेतृत्व संस्थान का उद्घाटन किया है और 9 नए जेएनवी की आधारशिला रखी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को आगामी शैक्षिक वर्ष में जवाहर नवोदय विद्यालयों के आवंटन हेतु आंध्र प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनकी स्थिति क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख) : जी, हां। पांच नये जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) उत्तर प्रदेश में कांशीराम नगर और सीतापुर-II, गुजरात में डांग और नवसारी, ओड़िशा में मलकानगिरी -II और ओड़िशा में पुरी में एक नवोदय नेतृत्व संस्थान का उद्घाटन किया गया। त्रिपुरा में और शैफईजाला और दक्षिण त्रिपुरा, मेघालय में दक्षिण पूर्वी खासी हिल्स, पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी, कर्नाटक में कलबुर्गी-I और कोलार में जवाहर नवोदय विद्यालयों के स्थायी भवनों के लिए आधारशिला रखी गई।

(ग) और (घ) : नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) खोलने की व्यवस्था है। नए जवाहर नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है, जो संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा स्कूल इमारतों के निर्माण हेतु आवश्यक उपयुक्त भूमि नि:शुल्क उपलब्ध करने और विद्यालय शुरू करने के लिए आवश्यक अस्थाई भवन किराया मुक्त उपलब्ध करवाने की सहमति पर निर्भर करता है। तथापि, जवाहर नवोदय विद्यालय की वास्तविक स्वीकृति और खोलना निधियों की

उपलब्धता और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है। आज की तारीख तक आंध्र प्रदेश राज्य के सभी जिलों को पहले ही नवोदय विद्यालय योजना में कवर कर लिया गया है।

*****